# मंत्री सतपाल महाराज ने बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की

**समीक्षा**

**सतपाल महाराज ने कहा कि मानसून काल को ध्यान में रखते हुए राज्य के शहरों का मास्टर ड्रैनेज प्लान तैयार किया जाये।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को सीसीआर सभागार में बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी भू-भाग जलमग्न न हो, मैदानी क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए पम्प की व्यवस्थाएं की जाए और भू-कटाव रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षात्मक दृष्टि से कट्टों में रेत भरकर रखा जाये।
कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मानसून काल शुरू होने वाला है। बाढ़ नियंत्रण एवं भू-कटाव रोकने के लिए विस्तृत अध्ययन करते हुए नदियों को चैनलाइज किया जाए और चैनलाइज से सम्बन्धित फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी बनाकर रिकार्ड में रखी जाये, ताकि कोई भी व्यक्ति चैनलाजेशन के विरुद्ध न्यायालय जाता है तो रिकॉर्ड प्रस्तुत किया जा सके।
उन्होंने कहा कि मां गंगा की धारा को चण्डी घाट के पास चैनलाइज करने के लिए विशेष सावधानी बरतते हुए ड्रोन से फोटो व वीडियोग्राफी कराते हुए साइंटिफिक प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि विभिन्न नदियों, झीलों एवं डैमों पर बने गेट्स को चेक कर लिया जाए, ताकि जलस्तर बढ़ने पर उन्हें खोलने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिये कि विकसित देशों की पानी निकासी की आधुनिकतम तकनीकियों का अध्ययन किया जाए और नवीनत तकनीकियों से अपडेट रहा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलों के अप-डाउन स्ट्रीम में 500 मीटर तक की दूरी तक खनन पर पैनी नजर बनाए रखें और किसी भी दशा में पुलों एवं पिलर्स को कोई नुकसान न हो।
सतपाल महाराज ने कहा कि मानसून काल को ध्यान में रखते हुए राज्य के शहरों का मास्टर ड्रैनेज प्लान तैयार किया जाये। जल निकासी के लिए लंढौरा का मास्टर ड्रेनेज प्लान अलग से तैयार किया जाये, लक्सर में हडुवा नाला पर प्राथमिकता से कार्य किया जाये, ताकि जल भराव की स्थिति न हो। झबरेड़ा क्षेत्र में सीला नाला को भी प्राथमिकता से ठीक किया जाये। उन्होंने सचिव सिंचाई को निर्देश दिये कि हरिद्वार में भगत सिंह चौक पर पानी की निकासी के लिए प्राथमिकता से बजट आवंटित किया जाये। हरिद्वार के निचले क्षेत्रों में भी जल निकासी के लिए प्रबन्धन किया जाये।
बैठक में सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने बताया कि बाढ़ नियंत्रण के लिए राज्य में 113 बाढ़ सुरक्षा चौकियां 15 जून तक स्थापित हो जायेंगी, जिनमें 24 घण्टे कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। बाढ़ नियंत्रण चौकियों में आस-पास के जनप्रतिनिधियों के नम्बर भी उपलब्ध रहेंगे।
बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल तथा आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी ने हरिद्वार सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर जल भराव के कारण एवं उनके निवारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने जल भराव की स्थिति से निजात के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## अवैध खनन पर करें कड़ी कार्रवाईः डीएम



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिले में यमुना और गंगा नदी में रीवर ड्रेजिंग के पट्टों की आड़ में चल रहे अवैध खनन पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने राजस्व एवं खनन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन पर कारगर रोक लगाने के साथ ही स्टोन क्रशरों के संचालन में नियमों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए।
गुरुवार को जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि खनन से संबंधित राजस्व और बकाया की वसूली समय से की जानी जरूरी है। राजस्व चोरी करने तथा अवैध खनन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अगली बैठक में इस दिशा में हुई प्रगति की विस्तार से समीक्षा की जाएगी।
जिलाधिकारी ने कहा कि रीवर ड्रेजिंग के लिए जारी पट्टों में आरबीएम के निस्तारण के तय मानकों व कायदों का पूरी तरह से अनुपालन कराते हुए पट्टों की आड़ में नियम विरुद्ध कार्यों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने क्रशर प्लांटों पर भी रवन्ना, स्टॉक, निकासी एवं सीसीटीवी फुटेज आदि के साथ ही खनन सामग्री के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों का नियमित सत्यापन करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले को अर्जित होने वाले राजस्व का नुकसान कतई नहीं होने दिया जाए।

# कनखल में श्रीराम कथा शुक्रवार से




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल में पहली बार पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के द्वारा श्री रामकथा सात से 15 जून तक आयोजित की जा रही है। कथा का आयोजन कनखल में राजघाट पर प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगण में किया जा रहा है।
कार्यक्रम आयोजक अचिन अग्रवाल ने बताया कि हरिद्वार में पहली बार मानस मर्मज्ञ पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से भगवान श्रीराम की जीवन गाथा (श्री रामकथा) की अमृत वर्षा सात से 15 जून तक आयोजित की जा रही है। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि कथावाचक स्वामी रामभद्राचार्य को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है।
उन्होंने बताया कि कथा से पूर्व सात जून को सुबह नौ बजे से शंकराचार्य चौक के पास मित्तल धाम से अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी। 251 महिलाएं अमृत कलश लेकर नगरभर में भ्रमण करेंगी और कलश यात्रा कथा स्थल पर संपन्न होगी। सात से 15 जून तक चलने वाली श्री राम कथा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई मंत्रियों व अनेक प्रतिष्ठित लोगों के आने की भी सम्भावना है।
आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य पूर्व पार्षद नितिन माना के अनुसार श्री राम कथा के लिए सभी तैयरियां पूर्ण हो चुकी हैं। कथा कनखल में राजघाट पर स्थित प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में होगी। उन्होंने बताया कि करीब एक हजार रामभक्तों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा कथा सुनने आने वालों के लिए हर तरह की सुविधा का भी ध्यान रखा जा रहा है।

# सहस्त्रताल से चार ट्रैकर्स के शव एयरलिफ्ट कर भटवाड़ी भेजे गए



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
सहस्त्रताल में रास्ता भटके ट्रैकर्स दल के लापता चार और सदस्यों के शव आज सुबह एयरलिफ्ट कर लिए गए। उन्हें भटवाड़ी पहुंचा दिया गया है। इनकी पहचान श्री वेकटेश, श्री पदनाध कुण्डपुर कृष्णामूर्ति, अनीता रंगप्पा और पद्मिनी हेगडे के रूप में हुई है। चारों बेंगलुरु के रहने वाले हैं। इस अभियान में एसडीआरएफ टीम को कड़ी मशक्त करनी पड़ी।
जिलाधिकारी डाक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने राहत और बचाव अभियान में मौसम ने लगातार बाधा डाली। टीम ने बुधवार को खराब मौसम के बावजूद रास्ता भटके ट्रैकर्स के इस दल के 13 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया था। इसके अलावा पांच सदस्यों के शव भी रेस्क्यू किए गए थे। दल के चार ट्रैकर्स को पता नहीं चल पाया था।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने गंगा स्नान कर की वटवृक्ष पूजा

**ज्येष्ठ अमावस्या**

**ज्येष्ठ अमावस्या को वट सावित्री व्रत करने का विधान है। साल 2024 में यह व्रत 6 जून अर्थात आज है।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ज्येष्ठ अमावस्या को वट सावित्री व्रत करने का विधान है। साल 2024 में यह व्रत 6 जून अर्थात आज है। सुहागीन महिलाओं ने त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान कर पति की दीघार्यु की कामना को लेकर वटवृक्ष की पूजा के साथ सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी।
सुहागिन महिलाएं प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान कर वटवृक्ष की पूजा अर्चना करने के लिए जुटी थीं। महिलाओं ने वट वृक्ष की श्रद्धापूर्वक पूजा करते हुए सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण किया।
पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वटवृक्ष की पूजा करने के पीछे की मान्यता है कि जब सावित्री के पति सत्यवान के प्राण यमराज ने हर लिए थे तो सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण लौटाने के लिए प्रार्थना की थी तंब यमराज ने वट वृक्ष के नीचे ही सत्यवान के प्राण लौटा कर पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया था और यमराज ने बरगद की जड़ों में सत्यवान के प्राणों को जकड़ कर रखा हुआ था। तभी से मान्यता है कि ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष की अमावस्या को जो महिलाएं वटवृक्ष की पूजा करती हैं, उनके पति की दीघार्यु होती है। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर घरों में पकवान बनाकर उसका भोग यमराज को लगाती हैं।

# भाजपा की जीत पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जताया जनता का आभार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव ऐतिहासिक होने के साथ विकसित भारत के निर्माण एवं श्रेष्ठ उत्तराखंड, विकसित उत्तराखंड की दिशा में आगे बढ़ने का जनादेश है। इसके लिए भाजपा देवभूमि के समस्त मतदाताओं का कोटि-कोटि आभार व्यक्त करती है।
प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि यह जनादेश 140 करोड़ भारतवासियों एवं 1.25 करोड़ उत्तराखंडवासियों की जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए२ यह जनादेश बताता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा देश की जनता का दिल जीतने में सफल रहे हैं। यह जनादेश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इतिहास रचने वाला है। 1962 के बाद पहली बार देश में कोई पार्टी लगातार तीसरी बार जनता का विश्वास जीतने में सफल रही है। यह जनादेश, देवभूमि की महान जनता द्वारा राज्य की पांचों सीटों पर कमल खिलाने की हैट्रिक लगाने के लिए भी याद किया जाएगा। यह जनादेश जातिवादी, तुष्टिकरण वाली और हवा हवाई घोषणाओं की आड़ में सत्ता हथियाने वालों की साजिश को असफल करने के लिए है। यह जनादेश भ्रष्टाचार, परिवारवाद और राष्ट्रविरोधी ताकतों को परास्त करने के लिए है। यह जनादेश मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार को 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए है।
महेन्द्र भट्ट ने कहा कि राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर इस बार हमें मिली जीत का अंतर 2019 के मुकाबले लगभग बराबर है। इस बार विपक्ष से हमें कुल 11,68,697 मत अधिक मिले हैं, जबकि पिछली बार भी हमें लगभग उतने ही 12,69,770 मत अधिक हासिल हुए थे।

# श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की फार्मेसियों को पीसीआई की मिली मान्यता

**मान्यता**

**इस प्रकार से हर साल डी फार्मा कोर्स के 960 छात्र-छात्राएं श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में ट्रेनिंग ले पाएंगे।**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून स्थित श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में संचालित फार्मेसियों को ट्रेनिंग देने के लिए फामेर्सी काउंसिल ऑफ इण्डिया (पीसीआई) की मान्यता मिल गई है। इससे उत्तराखण्ड के डी फार्मा कोर्स के छात्र-छात्राएं श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की फार्मेसियों से ट्रेनिंग ले पाएंगे।
श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन महंत देवेन्द्र दास महाराज ने एसजीआरआर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल ऑफ साइंसेज की पूरी टीम को बधाई दी। अब तक राजकीय दून अस्पताल, कोरोनेशन अस्पताल सहित केवल सरकारी अस्पतालों की डिस्पेंसरी में ही ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध थी।
श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल राज्य का पहला प्राइवेट अस्पताल है जिसकी डिस्पेंसरियों में डी फार्मा कोर्स के छात्र-छात्राएं ट्रेनिंग पूरी कर सकते हैं। डी फार्मा कोर्स पूरा करने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा पास करने के साथ-साथ मान्यता प्राप्त ट्रेनिंग सेंटर से ट्रेनिंग करना भी अनिवार्य है। उसके बाद ही अभ्यर्थियों को राज्य फामेर्सी काउंसिल में पंजीकरण मिलता है। पीसीआई ने हर तिमाही के लिए श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल को 240 सीटों की अनुमति प्रदान की है। इस प्रकार से हर साल डी फार्मा कोर्स के 960 छात्र-छात्राएं श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में ट्रेनिंग ले पाएंगे।
गुरु राम राय विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस की डीन डॉ. दिव्या जुयाल ने बताया कि पीसीआई कड़े मानकों पर मूल्यांकन एवं परीक्षण करने के बाद ही किसी सेंटर को ट्रेनिंग सेंटर के रूप में अनुमति प्रदान करती है।
पीसीआई की ओर से श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी), एनएबीएच की मान्यताओं सहित केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से निर्धारित गाइडलाइनों का कड़ाई से मूल्यांकन व परीक्षण किया गया।

# एसपी ने मासिक बैठक में पुलिस कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने गुरुवार को मासिक बैठक लेते हुए पुलिस कर्मियों की समस्या सुनी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही ड्यूटी के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया।
पुलिस अधीक्षक ने बैठक में अपराधों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को त्वरित गति से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगतिशील अपराधों, मासिक निरोधात्मक कार्रवाई, प्रगतिशील निरोधात्मक कार्रवाई, महिला उत्पीड़न से संबंधित अपराध, प्रगतिशील महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित अपराधों का सर्किलवार, थानावार समीक्षा करते हुए लम्बित अपराधों में संपत्ति की बरामदगी और अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए।
बैठक में महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों की ओर से पीड़ित महिला फरियादियों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनने व उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही एनसीआरपी, 112 और सीएम पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने के लिए कहा। न्यायालय से जारी गैर जमानतीय वारंटों की समय से तामील कर अधिक से अधिक वारटिंयों की गिरफ्तारी करने, विवेचनाधीन, पार्ट पेडिंग अभियोगों का अतिशीघ्र निस्तारण करने, थाने में जमा माल का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जाए।
उन्होंने समस्त थाना प्रभारी थाने में नियुक्त कर्मचारियों की प्रत्येक माह बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करें तथा कर्मचारियों की व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान करने के भी निर्देश दिए।एसपी ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारियों को आपदा उपकरणों को तैयारी हालात में रखने के निर्देश। इसके साथ उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर आमजन के बीच सुरक्षित एवं भयमुक्त माहौल बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा न जाए।

# एसएमजेएन कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ, अभ्यर्थियों की प्रथम मेरिट सूची

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार स्थित एसएमजेएन (पीजी) कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने बताया कि बीए, बीकॉम तथा बीएससी में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों की प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गयी है जिसको महाविद्यालय की वेबसाइट पर तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। प्रो. बत्रा ने बताया कि समस्त प्रवेशार्थी बड़ी सावधानीपूर्वक मेरिट सूची में अपना नाम देख लें तथा मेरिट सूची में अंकित निर्धारित तिथि व समयानुसार अपने प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित हों।
उन्होंने बताया कि समस्त मेरिट सूची को कॉलेज की वेबसाइट तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। मुख्य प्रवेश समन्वयक डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने बताया जिन प्रवेशार्थियों ने बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा रखा है तथा जिनका नाम प्रथम मेरिट सूची में आ गया है वे प्रवेशार्थी आठ जून को अपने साथ समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन भरे हुए आवेदन-पत्र की हार्डकॉपी, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मूल अंकतालिका, मूल टीसी व चरित्र प्रमाण पत्र, एंटी रैगिंग शपथ पत्र, एंटी ड्रग्स प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, पुलिस वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट समस्त प्रमाण-पत्र मूल रूप व छाया प्रति सहित तथा अन्य मूल प्रमाण-पत्रों के साथ सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लें।

# लाइनमैन की करंट लगने से मौत, परिवारजनों ने किया हंगामा

**लापरवाही**

**अचानक लाइन पर विद्युत प्रवाह होने से लाइनमैन 32 वर्षीय प्रदीप की करंट लगने से मौत हो गई**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के दशोली विकासखंड के दुगार्पुर में हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय करंट लगने से लाइनमैन की मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के परिवारजनों ने गुरुवार को विद्युत विभाग के कोठियालसैंण कार्यालय पर हंगामा किया। उन्होंने शटडाउन लेने के बाद अचानक लाइन पर विद्युत प्रवाहित किये जाने की लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने और मृतक के परिवार में एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की।
बुधवार को दुगार्पुर के पास हाईटेंशन लाइन पर आये फाल्ट को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग में संविदा पर कार्यरत लाइनमैन 32 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र गेंदा लाल निवासी बिरही दुगार्पूर अकेले ही चला गया। जब लाइनमैन से विभागीय कर्मचारी का संपर्क नहीं हुआ तो वह उसे तलाशने क्षेत्र में गए। मौके पर देखा तो प्रदीप का शव खंभे पर लटका मिला। बताया गया कि प्रदीप कुमार की ओर से लाइन ठीक करने के दौरान शटडाउन लिया गया था, लेकिन अचानक लाइन पर विद्युत प्रवाह होने से प्रदीप की करंट लगने से मौत हो गई।
गुरुवार को मृतक के परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर विभाग के कार्यालय पर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने कहा कि जब तक प्रदीप के परिवार को उचित मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देकर न्याय नहीं दिया जायेगा तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जायेगा। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र भंडारी भी पीड़ित पक्ष को न्यान दिलाने पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बात की और उचित मुआवजा के साथ मृतक की पत्नी को नौकरी की मांग की।
विद्युत विभाग के अधिसाशी अभियंता प्रदीप शर्मा ने कहा कि दुर्घटना से विभाग को अपूर्णीय क्षति हुई है। मृतक आउट सोर्स से विभाग में कार्यरत था जिसके लिए विभागीय मानकों के अनुसार चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है। मृतक के परिवार में एक सदस्य को आउट सोर्स से नौकरी दिये जाने का आश्वसन भी दिया है। आउट सोर्स कंपनी ने भी बीमा, ईपीएफ के साथ अन्य माध्यम से परिवार की मदद किये जाने का लिखित आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि विभाग पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करेगा।

## उत्तराखंड में हार की समीक्षा करेगी पार्टीः करन माहरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर मिली पराजय के बाद कारणों की तलाश कर जल्द ही समीक्षा करेगी।
माहरा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में हार को लेकर हर पहलुओं का आकलन किया जा रहा है। प्रदेश के सभी प्रभारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी गई है।
रिपोर्ट आने के बाद हार की समीक्षा की जाएगी। जरूरत पड़ी तो बैठक भी बुलाई जा सकती है। जल्द ही इसकी एक रिपोर्ट केंद्रीय हाईकमान को भेजी जाएगी।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना सं0 : Elect/TRD/MB/2024-25/TN-05 दिनांक : 05.06.2024
निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-03-TRD-MB-24-25 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल की टावर वैगनों के संवर्धन और उन्नयन का कार्य |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 27.06.2024, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 53,81,350.92/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 1,07,600/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 45 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 09 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

1696/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन-जन का खेल बने गोल्फ, महिलाएं, युवा और बच्चे आएं आगे : राज्यपाल

गोल्फ टूर्नामेंट

▶▶ राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने महिलाओं व बेटियों को गोल्फ से जोड़ने का बीड़ा उठाया है।



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने नैनीताल राजभवन में शुक्रवार से आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट पर कहा कि गोल्फ जन-जन का खेल बने, खासकर महिलाएं, युवा व बच्चे इस खेल में आगे आए।

ह्यहिन्दुस्थान समाचारह्व के इस प्रश्न पर कि क्या नैनीताल राजभवन गोल्फ कोर्स से निकलकर बच्चे कभी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकेंगे, राज्यपाल ने कहा, ह्यआप लिखकर रख लें, अगले 5 वर्ष में यहां से 21 गोल्फर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचेंगे।ह्व राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने महिलाओं व बेटियों को गोल्फ से जोड़ने का बीड़ा उठाया है।

राज्यपाल 19वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के औपचारिक ह्यकर्टेन रेजरह्व यानी पर्दा हटाने के कार्यक्रम में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नैनीताल का 45 एकड़ में फैला गोल्फ कोर्स दुनिया के सबसे सुंदर गोल्फ कोर्स में शामिल है। यहां की जैव विविधता, शांति, आध्यात्मिकता अद्वितीय है। पिछले वर्ष के 125 के सापेक्ष इस वर्ष यहां 121 गोल्फर खेलेंगे। इनमें पूर्व हॉकी ओलंपियन जफर इकबाल सहित उत्तर प्रदेश के कई बड़े गोल्फर शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में 75 से अधिक उम्र के 7, 65 से 75 के 18, 11 महिलाओं सहित 61 सामान्य, 3 किशोरियों सहित 15 से 17 वर्ष के 8, एक बच्ची सहित 12 से 15 की उम्र के 8 और 12 से कम उम्र की 3 बच्चियों सहित 8 गोल्फर एवं 7 वर्ष की उम्र के 6 नन्हे गोल्फर भी खेलेंगे।

राज्यपाल ने पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में खेलने वाले 103 वर्ष के सेवानिवृत्त स्क्वार्डन लीडर डीएस मजीठिया के इस वर्ष निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर नैनीताल राजभवन गोल्फ कोर्स के सचिव रविनाथ रमन, कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी डॉ. योगेंद्र रावत, एसएसपी पीएन मीणा सहित बड़ी संख्या राजभवन गोल्फ क्लब की कार्यकारिणी के सदस्य, नये गोल्फ कैप्टन विवेक भट्ट व गोल्फ रेफरी श्रवण झा आदि उपस्थित थे।

# लालतप्पड़ में महिला की हत्या, राज्य महिला आयोग ने लिया संज्ञान

मुकदमा दर्ज

▶▶ एसओ ने बताया कि पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लालतप्पड़ चौकी क्षेत्र में एक महिला का गला दबाकर की गई हत्या के मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने संज्ञान लिया है। उन्होंने एसओ डोईवाला से आरोपितों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।कुसुम कंडवाल ने कहा कि यह गंभीर मामला है। कोतवाली डोईवाला के लालतप्पड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में देर रात एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मामले में उन्होंने एसओ डोईवाला से फोन पर बात की और मामले की जानकारी ली। एसओ ने बताया कि पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार लालतप्पड़ निवासी कुलदीप कौर (54) पत्नी हरजीत सिंह घर के आंगन में सो रही थीं। इसी दौरान तीन लोग आंगन में आ धमके। दो व्यक्तियों ने कुलदीप कौर के पैर पकड़े और एक व्यक्ति गला दबाने लगा। इसी दौरान उसके बगल में सो रही सिमरन जाग गई। वह अपने मामा जगदेव (कुलदीप कौर के पुत्र) को बुलाने के लिए कमरे की ओर दौड़ पड़ी, लेकिन जब तक कोई पहुंचता तीनों भाग निकले।

घटना के बाद परिजन कुलदीप कौर को जौलीग्रांट अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मामले में आयोग की अध्यक्ष ने एसओ डोईवाला को शीघ्रता दिखाते हुए तत्काल आरोपितों को ढूंढ कर उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि महिला के घर में घुस कर उसकी हत्या करने वाले अत्यंत गम्भीर अपराधी हैं और ऐसे आरोपितों के हौसले बुलंद ना हों इसके लिए जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम द्वारा भक्ति की दिव्य तरंगों का संचार किया गया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली की पवित्र भूमि पर मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक ज्ञान रत्नों से लाभान्वित होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त-श्रद्धालुगण एकत्रित हुए। भक्तिमय रचनाओं की श्रृंखला ने पावन व भक्ति तरंगों से प्रत्येक तन, मन और आत्मा को तरंगित किया।

गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक व संचालक, डीजेजेएस) के प्रचारक शिष्यों ने भक्तों के जीवन से अनेक प्रेरणादायक दृष्टांतों का उल्लेख किया। वर्तमान स्थिति पर रोशनी डालते हुए, उन्होंने यह भी कहा कि जीवन की इस तेज गति में लोग अत्यधिक व्यस्त हो गए हैं। भाग दौड़ भरी जिन्दगी की उथल पुथल में उन्हें अपनी आत्मा की आवाज सुनाई नहीं देती, जो भीतर से उन्हें यह संदेश देती है कि थोड़ी देर रुककर, इस मायावी दुनिया से विलग होकर, स्व में स्थित होना सीखें।

मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य अपने भीतर स्थित ईश्वर से जुड़कर भक्ति करना है। सत्य तो यह है कि जब व्यक्ति आत्मिक स्तर पर ईश्वर से जुड़ा होता है, तो वह सभी सांसारिक कर्तव्यों को भी बेहतर और विवेकपूर्ण ढंग से पूरा करने में सक्षम हो जाता है। जब हम आत्मिक स्तर पर जागृत होते हैं, तो शारीरिक और मानसिक आयामों का भी स्वतः पोषण होता है।

ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना के माध्यम से हमें जीवन में सभी क्षणिक चीजों से ध्यान हटा कर उसे अपनी आत्मा पर केंद्रित करना चाहिए।कार्यक्रम का समापन सामूहिक ध्यान साधना और सबके आत्मकल्याण हेतु प्रभु चरणों में प्रार्थना द्वारा किया गया।

### वेस्टसाइड ने देहरादून में शुरू किया अपना 236 वां स्टोर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रतिष्ठित भारतीय परिवार - टाटा का एक उद्यम वेस्टसाइड ने अपना सबसे नया स्टोर देहरादून में शुरू किया है। यहां के फैशनप्रेमियों को प्रभावित करने के उद्देश्य से शुरू नए वेस्टसाइड का पता - मॉल ऑफ देहरादून आईआईपी, मोहकमपुर, देहरादून, मोहकम पुर खुर्द, उत्तराखंड 248005। यह स्टोर 25,363 स्क्वायर फीट का है। मौका कोई भी हो, उसके लिए स्टाइल को आसान बनाने के लिए इस स्टोर में वेस्टसाइड ब्रांड के कपड़ें, एक्सेसरीज, कॉस्मेटिक्स, फुटवेयर और होम - सब कुछ एक ही छत के निचे खरीदा जा सकता है।

नया वेस्टसाइड स्टोर असाधारण रिटेल अनुभव प्रदान करने के ब्रांड के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करता है। बहुत ही अच्छी कीमतों में कॉन्टेम्पररी और मॉडर्न फैशन ट्रेंड्स की खरीदारी यहां आसानी से की जा सकती है।

सभी बारीकियों पर ध्यान देते हुए, सुविधाजनक तरीके से रखे गए डिस्प्ले में सबसे नए फैशन को दर्शाया जाता है, उपभोक्ताओं को निर्बाध खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए यह स्टोर प्रतिबद्ध है। अनोखी स्टाइल के साथ-साथ नयापन और ताजगी बरकरार रखने पर बहुत ध्यान दिया जाता है। यहां के कलेक्शन को हर तीन हफ़्तों में एक बार शुक्रवार को रिफ्रेश किया जाता है।

### पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री का व्रत रखने का विधान है। आज वट सावित्री का व्रत है। वट सावित्री व्रत के मौके पर महिलाएं सुबह से ही मंदिरों में और वट वृक्ष की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि और पति की दीघार्यु की कामना कर रही हैं।

हल्द्वानी के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ी हुई है। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गए और सुहाग सामग्रियों को पुरोहित को दान दिया। वट वृक्ष की पूजा अखंड सौभाग्य और अक्षय उन्नति के लिए की जाती है। मान्यता है कि सावित्री ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस प्राप्त किया था।

# मुख्यमंत्री से अजय भट्ट ने की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में नैनीताल- उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से नव निर्वाचित सांसद अजय भट्ट ने भेंट की। इस अवसर मुख्यमंत्री ने अजय भट्ट को बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि उत्तराखण्ड सदन नई दिल्ली में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद अजय भट्ट ने भेंट की। इस दौरान उन्हें लोकसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# अतिक्रम अभियान के खिलाफ निकाला जुलूस, ओएसडी को सौंपा ज्ञापन

जुलूस

▶▶ ज्ञापन में मांग की गई कि बेघर नहीं किया जाए और बस्तियों का नियमितीकरण और पुनर्वास हो।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सीआईटीयू, एटक, चेतना आंदोलन, इंटक, सीपीएम, सपा, आयूपी, बसपा, किसान सभा, एसएफआई, पीएसएम, बीजीवीएस से जुड़े लोगों ने गुरुवार को अतिक्रमण अभियान के खिलाफ जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने शहरी विकास मंत्री आवास का घेराव किया।प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के ओएसडी ताजेंद्र सिंह नेगी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि किसी को बेघर नहीं किया जाए और बस्तियों का नियमितीकरण और पुनर्वास हो।

इस अवसर पर शंकर गोपाल, लेखराज, राजेन्द्र पुरोहित, अनन्त आकाश, अनिल कुमार, गंगाधर नौटियाल, हैमा वोरा, हिमांशु चौहान, नितिन मलैठा, एडवोकेट हरबीर कुशवाहा, एस एस रजवार आदि ने जुलूस में शामिल लोगों को सम्बोधित किया।

# नीरजा चैरिटेबल देवभूमि ट्रस्ट के सहयोग से दिव्यांग को मिली ट्राई साइकिल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नीरजा देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से ऋषिकेश के सोमेश्वर नगर में रह रहे एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल मिली है।

ट्रस्ट ने गुरुवार को विज्ञप्ति में बताया कि नीरजा देव भूमि चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से नीरजा गोयल ने सोमेश्वर नगर में रह रहे दिव्यांग व्यक्ति को बैटरी वाली ट्राई साइकिल दिलाई है।

उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट की बहुत सी स्कीम है जो दिव्यांगों तक नहीं पहुंच पा रही है।

ऐसी स्कीम को ट्रस्ट दिव्यांगों तक पहुंचाकर इसका लाभ उन्हें दिलाने के लिए पूरा प्रयास कर रहा है। आज ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांग व्यक्ति बहुत ही खुश है। अब इसे आने जाने में कहीं भी दिक्कत नहीं आएगी।

# आगामी चुनावों में मजबूत रणनीति के साथ चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: प्रकाश जोशी

वार्ता

▶▶ उनका कहना था कि चुनाव पहले चरण में न हुए होते तो निश्चित रूप में कांग्रेस के प्रत्याशी विजय होते।



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार रहे प्रकाश जोशी ने कहा कि चुनाव में मिली हार को वह सहर्ष स्वीकार करते हैं। जनता से मिले प्यार के लिये वे आभार व्यक्त करते हैं।


प्रकाश जोशी ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि उनकी हार के पीछे जो भी कारण रहे हों, उन कारणों को वे जनता के बीच जाकर ढूंढने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस मजबूत रणनीति बनाकर चुनाव मैदान में उतरेगी। इस अवसर पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड में चुनाव पहले चरण में सम्पन्न हुए इसका नुकसान भी कांग्रेस को हुआ है। उनका कहना था कि चुनाव पहले चरण में न हुए होते तो निश्चित रूप में कांग्रेस के प्रत्याशी विजय होते।

# रिसोर्ट मालिक के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
लक्ष्मण झूला क्षेत्र में एक रिजॉर्ट बुक किए जाने के बाद पसंद नहीं आने पर ग्राहक और उसके परिवार के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित ने रिसोर्ट मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

थाना लक्ष्मण झूला प्रभारी रवि कुमार सैनी ने बताया कि बुधवार को उदित शर्मा पुत्र रामबाबू शर्मा निवासी राजस्थान ने थाने आकर तहरीर दी कि उन्होंने ऑनलाइन एक रिसॉर्ट बुक किया था। जब वह वहां पर पहुंचे तो रिजॉर्ट बुकिंग के अनुसार उनको कमरे पसंद नहीं आये।

# खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर कारोबारी के घर में घुसे बदमाश, बंधक बनाकर की लूट



**विकासनगर (देहरादून)/टीम एक्शन इंडिया**
बुधवार रात करीब डेढ़ बजे चार बदमाश खुशहालपुर में कारोबारी फुरकान अहमद के घर में छत के रास्ते दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया।

देहरादून के विकासनगर में सहसपुर थाना क्षेत्र के खुशहालपुर में चार अज्ञात बदमाशों ने तमंचे की नोक पर कारोबारी के परिवार को बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने रुपये, लाखों के आभूषण लूटे और स्कूटी ले कर फरार हो गए। बदमाशों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया था। चारों आरोपी कारोबारी की स्कूटी पर फरार होते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए। थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब डेढ़ बजे चार बदमाश खुशहालपुर में कारोबारी फुरकान अहमद के घर में छत के रास्ते दाखिल हुए। इस दौरान फुरकान, उनकी पत्नी, भतीजा, भतीजी और दो बेटियां बरामदे में सोए हुए थे। सभी बदमाश तमंचे दिखाकर दो छोटे बच्चों को छोड़कर परिवार के सभी लोगों को घर के एक कमरे के भीतर ले गए।

बदमाशों ने स्वयं को क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताया और फुरकान को नशा कारोबारी और बदमाश बताकर धमकाने लगे। कहा कि तेरी रोजाना की 50 हजार की आमदनी होती है। तेरे घर में लाखों के गहने और नगदी होने की सूचना है। बदमाशों ने गद्दे और सोफे के सीट भी फाड़ दी।

बदमाशों ने फुरकान की पत्नी को छोड़कर सभी के हाथ बांध दिए। उसके बाद छोटे बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर फुरकान की पत्नी को तिजोरी वाले कमरे में चलने के लिए कहा। तिजोरी खोलने के बाद बदमाशों ने उसमें से करीब 80 हजार की नगदी और आभूषण निकल लिए। उसके बाद कमरे का दरवाजा बंद कर फुरकान अहमद की स्कूटी लेकर फरार हो गए।

लूट की सूचना पर एसपी देहात लोकजीत सिंह, सीओ विकासनगर भास्कर लाल शाह और थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पीड़ित कारोबारी में पुलिस को लूट की तहरीर दी है।

# मंत्री जोशी ने पुरुकुल-किमाड़ी मोटर मार्ग का किया निरीक्षण



निर्देश

▶▶ ग्रामीणों की कई शिकायतों के बाद मंत्री ने मौके पर ही समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिए।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को देहरादून के पुरुकुल-किमाड़ी मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। ग्रामीणों की कई शिकायतों के बाद मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई और मौके पर ही समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिए।

ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा कि हमें केन्द्र से विशेष सहयोग प्रदान हुआ है। हमें पिछले दो वर्षों में 112 सड़कों के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध हुई है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क कटान के दौरान जहां पर सुरक्षात्मक कार्य एवं तारजाल लगाना आवश्यक हो, ऐसे स्थान पर आवश्यक रूप से सुरक्षात्मक कार्य एवं तारजाल लगाया जाए। उन्होंने कहा कि खेतों में मिट्टी न डालें और सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। मंत्री ने बताया कि लगभग 14 करोड़ की लागत से मोटर मार्ग एवं 2.85 करोड़ की लागत से पुल बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुण्डीर, पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता अरुण नेगी, ईई हिमांशु श्रीवास्तव, मदन सिंह, अन्नू पुंडीर, सोबन सिंह, भरत सिंह पुंडीर, ग्राम प्रधान राधेश्याम जुयाल, महेंद्र पुंडीर, जयराम सिंह, संदीप पुंडीर, नीरज पुंडीर, योगेश बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस के विधायकों का अपने बूथ पर खराब प्रदर्शन

वार्ता

▶▶ उनका कहना था कि चुनाव पहले चरण में न हुए होते तो निश्चित रूप में कांग्रेस के प्रत्याशी विजय होते।



**ऊधम सिंह नगर/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ ही उनकी पार्टी के दिग्गजों के प्रदर्शन पर भी सबकी निगाहें थीं। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी को उनके दिग्गज समग्र जीत दिलाना दूर, अपने बूथों पर भी जीत नहीं दिलवा पाए।

लोकसभा चुनाव में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ ही उनकी पार्टी के दिग्गजों के प्रदर्शन पर भी सबकी निगाहें थीं। नतीजे आए तो भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाई। कांग्रेस प्रत्याशी को उनके दिग्गज समग्र जीत दिलाना दूर, अपने बूथों पर भी जीत नहीं दिलवा पाए। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री को शिकस्त देकर सुर्खियों में आए उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी विधानसभा क्षेत्र और अपने बूथ पर पार्टी प्रत्याशी को बढ़त नहीं दिला सके।

विधानसभा चुनाव में जिले से कांग्रेस के पांच और भाजपा के चार विधायक जीतकर आए थे। विधानसभा चुनाव के ठीक दो साल बाद हुए लोकसभा चुनाव दोनों पार्टियों के विधायकों की पहली परीक्षा थी। युवा चेहरा होने की वजह से कांग्रेस के उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी प्रत्याशी की दौड़ में भी शामिल थे लेकिन टिकट झटकने में प्रकाश जोशी कामयाब हो गए थे। इधर अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए दोनों दलों के विधायक पूरे जोश के साथ जुटे थे लेकिन जब ईवीएम खुली तो भाजपा विधायकों का प्रदर्शन तो ठीक रहा लेकिन जसपुर विधायक आदेश चौहान को छोड़कर अन्य कांग्रेसी विधायक अपने विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को जीत नहीं दिलवा सके। अधिकतर विधायकों के बूथों से भी पार्टी प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।

जिले में सिर्फ नानकमत्ता विधायक गोपाल राणा के बूथ पर पार्टी प्रत्याशी को भाजपा से अधिक वोट मिले। उनके बूथ पर कांग्रेस को 469 और भाजपा को 233 वोट मिले। बाजपुर विधायक/नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का बूथ हल्द्वानी में हैं, जबकि उनके विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने विधि-विधान के साथ की वट वृक्ष की पूजा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार में सुहागिनों ने गुरुवार को ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री का व्रत रख पति की दीघार्यु की कामना की। वट सावित्री व्रत के मौके पर हरिद्वार में विभिन्न जगह महिलाओं ने सुबह से ही वट वृक्ष की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे बैठ कर सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी।

मान्यता है कि वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने से सुहागिनों को अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मिलता है।



पुराणों के अनुसार वट वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु और अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। यही कारण है कि महिलाएं अपने पति और परिवार की सुख शांति के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं। व्रत के दौरान बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर महिलाओं ने रक्षा सूत्र बांधा।

वट सावित्री व्रत करने वाली महिलाओं का कहना है कि यह सुहागिन महिलाओं का महत्वपूर्ण त्योहार है। इस त्योहार का वे पूरे साल बेसब्री से इंतजार करती हैं। शास्त्रों के अनुसार ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या को जो स्त्रियां वट सावित्री की पूजा करती हैं, वे सौभाग्यवती बनी रहती हैं।

